हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार, 15 जून 2025

13 पुलिस कमिश्नर ने किया तीन थानों का औचक निरीक्षण

14 सड़क से ऊंचे हैं नाले तो कैसे हो निकासी


## शहर के विभिन्न डंपिंग प्वाइंट्स से कूड़ा उठाए जाने से लोगों को मिली राहत

# ठेकेदार के सप्ताह भीतर वेतन दिए जाने के आश्वासन पर कर्मचारी ड्यूटी पर लौटे


झज्जर। हड़ताल स्थगित होने के बाद मेडिकल रोड पर कूड़ा उठान कार्य में जुटे में कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

■ तीन दिन तक रही इस हड़ताल के कारण शहर में बनाए गए विभिन्न डंपिंग प्वाइंटों पर गिराया गया कूड़ा करीब बीस फुट फैला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पिछले दो माह के वेतन की मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन स्थगित हो गई। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारी रोहित बिड़लान, मुकेश चंदा, धर्म कांगड़ा, शिव कुमार, राजेंद्र काटीवाल, राजकुमार, रवि चंदा, जोगेंद्र, सतीश, अमन, सागर, अमित, विक्की, सन्नी, राजेश आदि ने बताया कि उनके साथ हुई बातचीत में ठेकेदार द्वारा सप्ताह के भीतर दो माह का बकाया वेतन दिए जाने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद सभी कर्मचारियों द्वारा हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। शनिवार को उन्होंने अपनी गाड़ियां निकालते हुए जहां डोर-टू-डोर उठान कार्य शुरू किया गया। वहीं शहर के विभिन्न डंपिंग प्वाइंट्स पर लगे कूड़े के ढ़ेर को भी ट्राली में भरवाकर उसे निर्धारित स्थान पर डाल दिया। बता दें कि तीन दिन तक रही इस हड़ताल के कारण शहर में बनाए गए विभिन्न डंपिंग प्वाइंटों पर गिराया गया कूड़ा करीब बीस फुट तक फैल गया था जिसस लोगों को परेशानी आ रही थी। वीरवार की रात नगर परिषद अधिकारियों द्वारा बीकानेर चौक स्थित डंपिंग प्वाइंट से कूड़ा उठान का प्रयास भी किया गया। जिसे हड़ताली कर्मचारियों द्वारा नाकाम कर दिया गया था। हड़ताल के कारण शहर के बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, दिल्ली गेट, पुराना बस स्टैंड, सीताराम गेट, माता गेट, मेडिकल रोड आदि स्थानों पर कूड़े के ढेर लग गए थे। अब हड़ताल स्थगित होने के बाद हुए कूड़ा उठान से लोगों को राहत मिली है।


बहादुरगढ़। हड़ताल खत्म होने के बाद कूड़े के ढेर हटाती जेसीबी।

### शहर की सड़कों से हटने लगे कचरे के ढेर

बहादुरगढ़। दस दिनों तक जारी हड़ताल खत्म होने के बाद सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार रात से ही सफाई करनी शुरू कर दी थी। शनिवार को भी बड़े पैमाने पर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया जारी रही। इसके साथ ही शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर हटने शुरू हो गए हैं। जगह-जगह से कचरे को हटाए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि नगर परिषद द्वारा शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के साथ ही स्पीविंग का ठेका छोड़ रखा है। इन ठेकों की शर्तों व राशि को लेकर भी शुरू से सवाल उठ रहे हैं। ठेके छोड़ने में अपनाई गई गलत नीति के कारण ही शासन व अधिकारी अप्रूवल नहीं दे रहे हैं। इसके भुगतान पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी भी झिझक रहे हैं। जिस कारण कई महीनों से एजेंसियों की पेयमेंट पर ब्रेक लग रहे हैं। एजेंसियां भी सफाईकर्मियों का वेतन रोककर भुगतान का दबाव बनाने की रणनीति अपनाती रही हैं। इस बार भी 10 दिनों तक चली हड़ताल और सीएम के हस्तक्षेप के बाद सफाईकर्मियों को वेतन मिल पाया है। इसके अलावा इन ठेकों को रद कर एचकेआरएन के माध्यम से सफाईकर्मियों की सेवाएं लेने की मांग भी मजबूती से उठी है। बहरहाल हड़ताल खत्म होते ही शुक्रवार रात से सफाई शुरू हो गई। शनिवार को भी दिनभर कर्मचारी कूड़े के ढेरों को हटाने का प्रयास करते रहे। भारी मात्रा में जमा कचरा एक दिन में नहीं हटाया जा सकता है। इसे हटाने में दो-तीन दिन का समय लग सकता है। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा के अनुसार शहर में नियमित सफाई का काम शुरू हो गया है। फिलहाल पहले शहर के मुख्य डंपिंग प्वाइंटों पर ही फोकस किया जा रहा है। क्योंकि इन स्थानों पर सबसे ज्यादा कचरे का ढेर लगा हुआ है।

## मोटरसाइकिल में लगे बैग से तीन लाख रुपये चोरी

झज्जर। शहर की आईएनए कालोनी निवासी एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल में लगे बैग से तीन लाख चोरी हो गए। पीड़ित रमेश पुत्र अमर सिंह ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। उसने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। शुक्रवार को उसने पुरानी तहसील रोड स्थित हरियाणा ग्रामीण बैंक से तीन लाख रुपये निकलवाए थे। उसके बाद वह रोहतक रोड स्थित पीएनबी बैंक में जब उन रुपयों को जमा कराने गया तो मैनेजर ने कहा कि इसमें पेन कार्ड लगेगा तभी रुपये जमा हो पाएंगे। इसके बाद वह जब पेन कार्ड के लिए घर जा रहा था तो उसने वे रुपये मोटरसाइकिल के बैग में डाल लिए। जब वह पुराना बस स्टैंड के पिछले हिस्से से निकला तो एक दुकान पर पायजामा लेने के रुक गया। उसने अपनी मोटरसाइकिल दुकान के सामने खड़ी की और पायजामा खरीदने दुकान के अंदर चला गया। जब वह पायजामा खरीद बाहर लौटा उसे भी मोटरसाइकिल के बैग में रखने लगा उसने देखा कि उसके बैग में रखी तीन लाख रुपये की राशि गायब है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।






*इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले निवेशकों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि शॉर्ट टर्म की बजाय लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट पर फोकस करें, लेकिन क्या यह सलाह आंकड़ों पर भी खरी उतरती है? इसका जवाब है हां। देश के पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के पिछले 1 साल, 3 साल और 5 साल के प्रदर्शन के आंकड़े इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि समय के साथ निवेश पर मिलने वाला रिटर्न बेहतर होता है। लार्ज कैप फंड्स एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन निवेशकों के लिए जो कम जोखिम वाले और नियमित रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं। लार्ज कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ये कंपनियां आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं और उनके पास एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड होता है।*

# मुनाफे का मंत्र : पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के आंकड़ों ने निवेशकों को चौंकाया

**निवेश मंत्रा**

**बिजनेस डेस्क**

## एक साल से बेहतर 3 साल और 5 साल का रिटर्न

इन पांचों फंड्स के पिछले 1 साल के रिटर्न की तुलना में 3 साल और 5 साल का रिटर्न बेहतर रहा है। इसे और अच्छी तरह समझने के लिए पहले इन फंड्स के पिछले प्रदर्शन के आंकड़ों को देख लेते हैं। हमने यहां जिन 5 लार्ज कैप फंड्स के 1 साल, 3 साल और 5 साल के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं, वे एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के हिसाब से अपनी कैटेगरी में टॉप पर हैं. तुलना में आसानी के लिए इन सभी फंड्स को बड़े से छोटे एयूएम हिसाब से लिस्ट किया गया है, एनुअल रिटर्न के हिसाब से नहीं। इस लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू और निप्पॉन इंडिया जैसे फंड हाउस की लार्ज कैप स्कीम शामिल हैं।

> एसआईपी के जरिये करें निवेश, 19 वर्ष में हो जाएंगे करोड़पति
> ●
> एसआईपी में हर साल करीब 15% का रिटर्न मिलने की संभावना

## पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

1. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न : 9.73%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.87%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 24.71%
   - एयूएम : 70,909 करोड़ रुपये
2. एसबीआई ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 9.28%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 18.74%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 22.52%
   - एयूएम: 52,994 करोड़ रुपये
3. निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 10.02%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 25.14%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 27.69%
   - एयूएम : 42,863 करोड़ रुपये
4. मिराए एसेट लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 11.11%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 17.01%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.28%
   - **एयूएम : 40,204 करोड़ रुपये**
5. एचडीएफसी लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 6.34%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 20.19%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 23.88%
   - एयूएम : 38,297 करोड़ रुपये




## रिटर्न के आंकड़ों का संकेत

ऊपर दिए आंकड़ों आंकड़ों से एक बात स्पष्ट होती है–इन सभी स्कीम्स का सालाना रिटर्न निवेश की अवधि के साथ-साथ बढ़ा है। इन फंड्स का 1 साल का रिटर्न 6.34 फीसदी से 11.11 फीसदी के बीच है। इक्विटी में निवेश पर लिए जाने वाले रिस्क को ध्यान में रखकर देखें तो इस रिटर्न को बहुत आकर्षक नहीं माना जाएगा। लेकिन इन्हीं फंड्स के 3 साल के एनुअल रिटर्न के आंकड़े 17 फीसदी से 25 फीसदी तक जाते हैं। वहीं, 5 साल के आंकड़ों में यह सालाना रिटर्न 21 फीसदी से 27 फीसदी तक चला गया है। कुल मिलाकर 1 साल, 3 साल और 5 साल के औसत सालाना रिटर्न के आंकड़े यही संकेत दे रहे हैं कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लंबी अवधि का निवेश बेहतर रिटर्न दे सकता है।

## शॉर्ट टर्म से क्यों बेहतर है लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी

शॉर्ट टर्म इनवेस्टमेंट में निवेशक जल्दी रिटर्न की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसमें मार्केट टाइमिंग का रिस्क ज्यादा होता है। वहीं, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जो धीरे-धीरे निवेश को बड़ा बनाता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई निवेशक 5 साल तक एसआईपी करता है, तो उसे एवरेजिंग की वजह से लॉन्ग टर्म में बेहतर रिटर्न की मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार की अस्थिरता सामान्य बात है. एक-दो साल में बाजार गिर भी सकता है और रिटर्न नेगेटिव या कम हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में कंपनियों की ग्रोथ और बाजार की रिकवरी से निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहतर हो जाता है। इसीलिए 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के लिए निवेश करने पर रिटर्न में स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती है।

## लार्ज कैप फंड्स की विशेषताएं

- बड़ी कंपनियों में निवेश : लार्ज कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं।
- स्थिरता : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर अधिक स्थिर होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।

## लार्ज कैप फंड्स के फायदे

- कम जोखिम : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर कम जोखिम वाले होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।
- विविधीकरण : लार्ज कैप फंड्स पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकते हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में फिर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

■ सबसे बड़े फंड्स ने 1 साल में दिया 33 से 35% तक रिटर्न ■ तीन साल की अवधि में एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है ■ गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही ■ 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया




**पैसे की बात**

**बिजनेस डेस्क**

गोल्ड ईटीएफ यानी गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में एक बार फिर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। मई 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला है, जबकि इससे पहले मार्च और अप्रैल में यह कैटेगरी लगातार दो महीने तक आउटफ्लो झेल रही थी। बीते एक साल में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 33% तक का रिटर्न दिया है, वहीं तीन साल की अवधि में इनका एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है। यह परफॉर्मेंस बताता है कि बाजार में उथल-पुथल के बीच निवेशकों को गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही है।

### क्यों लौटने लगा निवेशकों का रुझान

मार्च में 77.21 करोड़ और अप्रैल में 5.82 करोड़ रुपये का नेट आउटफ्लो दर्ज करने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसकी प्रमुख वजह रही गोल्ड की कीमतों में मजबूती और ग्लोबल लेवल पर आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता। मई में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 1.10% रिटर्न दिया, जिसमें टाटा गोल्ड ईटीएफ 2.53% के रिटर्न के साथ टॉप पर रहा। यह संकेत है कि निवेशक अब फिर से गोल्ड को एक सुरक्षित एसेट के रूप में प्राथमिकता देने लगे हैं।

### टॉप गोल्ड ईटीएफ फंड्स का पिछला प्रदर्शन

देश के प्रमुख गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के पिछले प्रदर्शन को देखने से पता चलता है कि सोने जैसे सुरक्षित एसेट में निवेश करके भी इन्होंने 1 और 3 साल में काफी आकर्षक रिटर्न दिए हैं। हमने इस लिस्ट में सिर्फ उन टॉप गोल्ड ईटीएफ को शामिल किया है, जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कम से कम 1000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है.

| ईटीएफ का नाम | 1 साल का रिटर्न | 3साल का रिटर्न |
|---|---|---|
| - यूटीआई गोल्ड ईटीएफ | 35.25% | 22.87% |
| - एयूएम : 1,943 करोड़ रुपये | | |
| - एक्सिस गोल्ड ईटीएफ | 33.99% | 22.29% |
| - एयूएम : 1,809 करोड़ रुपये | | |
| - आईसीआईसीआई प्रूडेंटल गोल्ड ईटीएफ | 33.91% | 22.31% |
| - एयूएम : | 7,694 करोड़ रुपये | |
| - आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ | 33.83% | 22.23% |
| - एयूएम : 1,163 करोड़ रुपये | | |
| - कोटक गोल्ड ईटीएफ : | 33.74% | 22.23% |
| - एयूएम : 7,639 करोड़ रुपये | | |
| - एसबीआई गोल्ड ईटीएफ : | 33.66% | 22.10% |
| - एयूएम : 8,132 करोड़ रुपये | | |
| - निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड बीईईएस : | 33.52% | 22.08% |
| - एयूएम : 21,120 करोड़ रुपये | | |
| - एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ : | 33.38% | 22.21% |
| - एयूएम : 10,093 करोड़ रुपये | | |

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा निवेश

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल लेवल पर भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश 170% की सालाना वृद्धि के साथ 552 टन तक पहुंच गया। पिछले तीन सालों में यह सबसे बड़ी तिमाही डिमांड रही। इसका श्रेय ट्रेड टेंशन, जियोपॉलिटिकल अस्थिरता और गोल्ड प्राइस में तेजी को दिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड-बैक्ड ईटीएफ की होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3445 टन तक पहुंच गई हैं।

### निवेश रणनीति में गोल्ड ईटीएफ की अहमियत

गोल्ड ईटीएफ को निवेश पोर्टफोलियो में एक बैलेंस बनाने वाले एसेट के रूप में देखा जाता है। यह न सिर्फ पोर्टफोलियो को ज्यादा सुरक्षित बनाता है, बल्कि बाजार की अस्थिरता के समय स्टेबल रिटर्न भी देता है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट की जरूरत होती है और इनकी हर यूनिट फिजिकल गोल्ड की एक तय क्वांटिटी (आमतौर पर 1 ग्राम) से जुड़ी होती है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की वापसी और पिछले रिटर्न के आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बाजार में अस्थिरता के समय गोल्ड एक भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। चाहे वह घरेलू निवेशक हों या अंतरराष्ट्रीय संस्थान, सबके लिए गोल्ड एक महत्वपूर्ण एसेट क्लास बना हुआ है।

### गोल्ड ईटीएफ की विशेषताएं

- सोने की कीमतों के साथ जुड़ाव: गोल्ड ईटीएफ की कीमतें सोने की कीमतों के साथ जुड़ी होती हैं।
- एक्सचेंज पर कारोबार: गोल्ड ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं और इनमें निवेश करने के लिए आप शेयर बाजार में कारोबार कर सकते हैं।
- निवेश की सुविधा: गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना आसान है और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

### गोल्ड ईटीएफ के फायदे

- सोने की कीमतों में भागीदारी: गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरण: गोल्ड ईटीएफ पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकता है।
- लिक्विडिटी: गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना लिक्विड है और आप आसानी से अपने निवेश को बेच सकते हैं।

## बच्चे की हायर एजुकेशन की नहीं होगी टेंशन

# रोजाना 70 रुपये बचा बनाएं लाखों का फंड

**समझदारी**

**बिजनेस डेस्क**

> पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन आप न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख सालाना करें निवेश

शादी के बाद अधिकतर कपल्स के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाएं? मौजूदा दौर में एजुकेशन बहुत महंगी होती जा रही है। स्कूल फीस से लेकर यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबें और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज तक, हर चीज में मोटा खर्च आता है। ऐसे में अगर आप अभी से सही प्लानिंग करें, तो भविष्य की टेंशन से बचा जा सकता है। पोस्ट ऑफिस की एक खास स्कीम आपकी इसी चिंता को दूर कर सकती है। इसमें निवेश कर आप बच्चों की एजुकेशन के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं। अगर आप बच्चों की हायर एजुकेशन के लिए एक सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न वाला निवेश विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इस स्कीम में सिर्फ 70 रुपये रोजाना यानी 2,100 महीने की बचत से आप 15 साल में एक अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

### क्या है पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है, जिसमें आप न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना निवेश कर सकते हैं। इस पर सरकार की तरफ से सालाना 7.1% ब्याज दिया जाता है और मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का होता है।



### 70 रुपये रोजाना बचत से कैसे मिलेगा 6.78 लाख

अगर आप हर दिन 70 रुपये बचाकर हर महीने पीपीएफ अकाउंट में 2,100 रुपये जमा करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश 25,200 रुपये होगा। इस तरह 15 साल में आप 3.75 लाख रुपये का निवेश करेंगे। ब्याज मिलाकर 15 साल बाद आपको 6,78,035 रुपये मिल सकते हैं।

**बच्चों की पढ़ाई का खर्च होगा आसान :** 15 साल बाद यही रकम आपके बच्चों की हायर एजुकेशन, कॉलेज फीस या अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। यह स्कीम खासतौर पर उन पैरेंट्स के लिए फायदेमंद है जो कम बजट में भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश चाहते हैं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ खाता क्या है

पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम एक भरोसेमंद निवेश विकल्प है, जो लंबे समय के लिए रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 15 साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ खाता खोलना होता है। यानी, खाता खोलने के बाद 15 साल तक इसे बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि, 7वें साल से कुछ शर्तों के साथ आंशिक निकासी की अनुमति मिलती है। इस स्कीम की सबसे बड़ी खासियत इसका आकर्षक ब्याज दर और टैक्स में छूट है। आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत इसमें निवेश करने पर टैक्स लाभ मिलता है। इसके अलावा, निवेशक को लोन सुविधा, खाता 5-5 साल की अवधि में आगे बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर क्या है?

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर एक आसान ऑनलाइन टूल है, जो सेकेंडों में जटिल गणनाएं कर देता है। इस कैलकुलेटर की मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि निश्चित समयावधि और निवेश की आवृत्ति के आधार पर आपको हर साल कितना रिटर्न मिलेगा और कुल परिपक्वता राशि कितनी होगी।

### कैलकुलेटर कैसे इस्तेमाल करें?

- हर साल आप कितनी राशि जमा करेंगे, उसे दर्ज करें।
- ब्याज दर और निवेश की अवधि डालें।
- कैलकुलेटर अपने-आप अनुमानित ब्याज और मैच्योरिटी अमाउंट दिखा देगा।
- इस तरह यह कैलकुलेटर यह तय करने में मदद करता है कि आपने जो निवेश चुना है, वह आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप है या नहीं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर के फायदे

- सेकेंडों में रिजल्ट
- निवेश और ब्याज का सालाना विश्लेषण
- टैक्स प्लानिंग में मदद
- वित्तीय योजना बनाने में सहायक




**करोड़पति बनने का भी शॉर्टकट**

# मात्र 10,000 का निवेश कर देगा मालामाल

**बिजनेस डेस्क**

करोड़पति बनने में कितना समय लगता है? यह ऐसा सवाल है जिसे अक्सर काफी लोग पूछते हैं। देखा जाए तो करोड़पति बनना बहुत आसान है, लेकिन इसके लिए कई तरह के त्याग करने की जरूरत पड़ती है। वैसे तो किसी भी चीज का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन अगर आप करोड़पति बनने का सोच लें, तो इसका शॉर्टकट जरूर निकल आता है। हालांकि यह शॉर्टकट इतना भी शॉर्ट नहीं है। आप मात्र 10 हजार रुपये हर महीने इन्वेस्ट करके बहुत जल्दी करोड़पति बन सकते हैं। दरअसल, एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबे समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं। अगर आपको हर साल लगभग 15% का रिटर्न मिले, तो आप मात्र 19 साल में 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम इकट्ठी कर सकते हैं।



### कैसे बन सकते हैं करोड़पति?

एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का तरीका है। इसके जरिए आप थोड़ी-थोड़ी रकम हर महीने निवेश करके बड़ा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज इस निवेश की सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर आप एसआईपी के जरिए 10 हजार रुपये हर महीने म्यूचुअल फंड में निवेश करने हैं और आपको 15 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है तो मात्र 19 साल में ही आप एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। 10 हजार रुपये हर महीने निवेश करने से आप 19 साल में 22,80,000 रकम निवेश करेंगे। इस पर आपको 91,47,124 रुपये का ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 15 फीसदी सालाना की दर से होगा। इस प्रकार आप 19 साल में 1.14 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। यानी आप 19 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### अगर 10 हजार रुपये से कम करें तो?

अगर आप 10 हजार रुपये महीने निवेश नहीं कर सकते तो भी आपको करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप कम रकम निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कुछ ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। अगर आप 10 की जगह 8 हजार रुपये या 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। अगर आप 8 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आपको करोड़पति बनने में 20 साल लगेंगे। वहीं अगर आप 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आप 23 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### एसआईपी क्यों है फायदे का सौदा?

एसआईपी वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। इससे लोगों को रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने जैसे लक्ष्यों के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा अलग रखने में आसानी होती है। इसका एक और बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। कंपाउंडिंग का मतलब है कि आपको अपने निवेश पर जो रिटर्न मिलता है, उस पर भी रिटर्न मिलता है। इससे समय के साथ आपकी संपत्ति तेजी से बढ़ती है। निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, कंपाउंडिंग का असर उतना ही ज्यादा होगा।




### करोड़पति बनने के लिए रणनीतियां

- नियमित निवेश: नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- विविधीकरण: अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की सिक्योरिटीज में विभाजित करने से आपको जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।
- लंबी अवधि का दृष्टिकोण: लंबी अवधि के लिए निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय अनुशासन: वित्तीय अनुशासन बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- शिक्षा और ज्ञान: वित्तीय शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने से आपको अपने वित्तीय निर्णयों को निर्देशित करने में मदद मिल सकती है।




### करोड़पति बनने के लिए कुछ आदतें

- बचत: नियमित बचत करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- निवेश: नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय योजना: वित्तीय योजना बनाने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- जोखिम प्रबंधन: जोखिम प्रबंधन करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- धैर्य: धैर्य बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- करोड़पति बनने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन सही रणनीतियों और आदतों को अपनाकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा में कृष ने पाई सफलता

**झज्जर।** दा हाइट्स संस्था के कृष छिल्लर ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया में 5392 व ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में 499 रैंक हासिल किया है। संस्था निदेशक नवींद्र कुमार व जितेंद्र कुमार ने बताया कि कृष ने 720 में से 570 अंक प्राप्त किए।



होनहार छात्र कृष

इसके अलावा दिशा डागर ने 27432 रैंक हासिल करते हुए सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि कृष छिल्लर व दिशा डागर दोनों ही विद्यार्थी शुरू से मेहनती रहे हैं। यह दूसरे बच्चों के लिए प्रेरणा है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था निदेशक व प्राचार्य ने स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### योग प्रदर्शनी का आयोजन 17 जून से

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 17 से 21 जून तक बहादुरगढ़ के पार्कों में योग व प्राकृतिक चिकित्सा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संयोजन इंडियन नेचुरोपैथी प्रेक्टिसनर एसोसिएशन हरियाणा चैप्टर के समन्वयक डॉ. बालकिशन तंवर द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लाभों से अवगत कराना है। स्वस्थ जीवन के लिए योग और नेचुरोपैथी की भूमिका आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। प्रदर्शनी में योगासनों की जानकारी, प्राकृतिक उपचार विधियों, संतुलित आहार और दिनचर्या से संबंधित चित्रात्मक प्रस्तुति दी जाएगी। स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्य प्रेमियों से इस सप्ताहभर चलने वाले आयोजन में भाग लेने का आह्वान किया गया है।

### जनसंख्या असंतुलन पर परनाला में गोष्ठी आज

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला के अंबेडकर भवन में मानव जागृति एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार 15 जून को जनसंख्या असंतुलन एक समस्या और समाधान विषय पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक दिनेश कुमार ने बताया कि गोष्ठी में लोकगायिका राजबाला, चंद्र सिंह, आदित्य व जगबीर सिंह आदि अपने विचार रखेंगे।

### जजपा आज से चलाएगी सदस्यता अभियान

**झज्जर।** जन नायक जनता पार्टी की कोर कमेटी के सदस्यों से विचार करके पंद्रह जून से 31 जुलाई तक प्रदेश में सदस्या अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जेजेपी के प्रेस प्रवक्ता विकास पाराशर ने बताया कि पिछले दिनों रोहतक के प्रदेश कार्यालय में हुई मीटिंग में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा अभियान चलाने का निर्णय लिया। सदस्यता अभियान के दौरान संगठन व पार्टी में ताऊ देवीलाल की नीतियों में विश्वास रखने वाले लोगों को जजपा में जोड़ने का कार्य किया जाएगा। हलका स्तर पर पांच हजार सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।



विकास पाराशर, जिला प्रेस प्रवक्ता जेजेपी।

### राकेश जेजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल

**झज्जर।** जेजेपी ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी में पार्टी सुप्रीमो डॉक्टर अजय सिंह चौटाला सहित प्रदेश भर से कुल 14 सदस्यों को शामिल किया गया जिसमें झज्जर से पूर्व जिला प्रधान व पंचायती प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश जाखड़ का नाम भी शामिल है। उन्होंने स्वयं को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करने पर अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह, बृज शर्मा, दिग्विजय सिंह चौटाला सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है।



राकेश जाखड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जेजेपी।

---

### शुक्रवार की रात को बहादुरगढ़ इलाके में दस्तक दी

# पुलिस कमिश्नर ने किया तीन थानों का औचक निरीक्षण

तीनों थानों के भवन परिसर में परिसर में की गई व्यवस्थाओं, जवानों के रहन-सहन, रसोई तथा स्वच्छता आदि का बारीकी से निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। थाने में निरीक्षण करने पहुंची पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह।

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह द्वारा शुक्रवार की रात को बहादुरगढ़ इलाके में दस्तक दी। यहां उन्होंने आसौदा, सदर तथा सिटी थाने का औचक निरीक्षण किया। तीनों थानों के भवन परिसर में की गई व्यवस्थाओं, जवानों के रहन-सहन, रसोई तथा स्वच्छता आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रबंधकों को रिकॉर्ड व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा थाना प्रांगण में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रबंधकों व थाने में तैनात अनुसंधान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जनहित का कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी कार्य समय अनुसार पूर्ण किए जाएं। थाने में आई किसी भी तरह की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाए। कोई भी शिकायत किसी भी परिस्थिति में लंबित नहीं रहनी चाहिए। किसी भी तरह के अपराध की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

#### ड्यूटी निष्ठापूर्वक करें

उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक व इमानदारी से करने के लिए कहा। साथ ही थाने में आने वाले फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस आयुक्त झज्जर डॉ. राजश्री सिंह ने थाने के रिकॉर्ड को चेक करते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता को इसकी शिकायत देने पर रसीद देनी अनिवार्य है। रात्रि के समय संतरी दुरुस्त हालत में होना चाहिए। अगर थाने में किसी मामले से संबंधित कोई अपराधी हवालात में है तो संतरी लगातार उसकी निगरानी करेगा।

---

# वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बना लडरावण का अभिनव

- आईआईटी रुड़की से बीटेक करने के बाद वायु सेना ज्वॉइन की
- माता-पिता बोले, बेटे की इस यानदार उपलब्धि पर उन्हें गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। अपने अभिभावकों के साथ फ्लाइंग ऑफिसर अभिनव छिल्लर।

गांव लडरावण का बेटे अभिनव छिल्लर ने आईआईटी रुड़की से बीटेक करने के बाद भारतीय वायु सेना ज्वॉइन की है। शनिवार को उसे हैदराबाद स्थित वायु सेना की एकेडमी में पासिंग आउट परेड के बाद बतौर फ्लाइंग ऑफिसर का कमिशन प्राप्त हुआ।

अभिनव बचपन से ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहा। दसवीं कक्षा में दस में से दस सीजीपीए हासिल किया। इसके बाद बाहरवीं कक्षा में सीबीएसई में पूरे देश में मैथ्स में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। फिर आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। अभिनव के पिता जय किशन छिल्लर जेल विभाग से जेल अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वह भी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुए थे। अभिनव के भाई अभिषेक छिल्लर गांव में ही स्कूल का संचालन करते हैं। अभिनव के पिता जयकिशन छिल्लर के बताया कि आज भारतीय सेना में वायुसेना परिवार का हिस्सा बनकर मन बहुत ही उत्साहित, प्रसन्नचित और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बेटे की उपलब्धि पर उन्हें गर्व हैं।

# पेस के दस विद्यार्थी नीट परीक्षा में उत्तीर्ण



झज्जर। छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए स्टॉफ सदस्य।

**झज्जर।** नीट परीक्षा परिणामों में पेस संस्था का दस विद्यार्थियों का चयन एमबीबीएस में हुआ है। पेस के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि उत्तीर्ण विद्यार्थियों में कृष ने 499 रैंक, कुसुम नांदल ने 1255 रैंक, कोमल ने 2389 रैंक, नैंसी ने 8009 रैंक, कंचन ने 9388 रैंक, तन्नु 12549 रैंक, सिमरन ने 13505 रैंक, महक ने 14129 रैंक, शिवांशी ने 20,000 रैंक और देव ने 22386 रैंक हासिल की। उन्होंने बताया कि कोमल ने इससे पहले आईआईटी एडवांस में सफलता हासिल की थी। इस उपलब्धि पर चयनित विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप, हरीश और सुमित चावला ने विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाले विशेषज्ञों जगदीश, विशाल, राज गुप्ता, आकाश, आशीष, सचिन और नीतू की सराहना करते हुए होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

भाविप का 3 दिवसीय शिविर संपन्न

# मेहंदी लगाने, वेस्ट मेटेरियल से कलाकृतियां बनाने सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कैंप के समापन पर प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा द्वारा राणा प्रताप स्कूल में लगाए गए तीन दिवसीय महिला सहभागिता एवं बाल संस्कार शिविर का शनिवार को समापन हो गया। शिविर के दौरान बच्चों को मेहंदी लगाने, वेस्ट मेटेरियल से सुंदर कलाकृतियां बनाने, ॐ के उच्चारण, योगाभ्यास और आर्ट एंड क्राफ्ट की ट्रेनिंग दी गई।

परिषद पदाधिकारियों ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर समापन कार्यक्रम की शुरुआत की। बीसीसीआई के सचिव पवन जैन ने बच्चों को संस्कार ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही परिषद के संस्कारित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए संस्कार शिविर की आवश्यकता और उपयोगिता के बारे में समझाया। आरएसएस के जिला कार्यवाहक भास्कर ने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति के

# नवीन शिक्षण पद्धतियों पर आधारित प्रशिक्षण संपन्न

- साल्हावास ब्लॉक में शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। प्रशिक्षण के समापन पर सौंपे गए प्रमाण दिखाते हुए प्रशिक्षु शिक्षक।

साल्हावास ब्लॉक में प्राथमिक स्तर पर हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों की नवीन शिक्षण पद्धतियों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में खंड के 43 शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक शैक्षणिक तकनीकों से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग, बाल केंद्रित शिक्षा, निपुण कार्यक्रम में शिक्षकों की भूमिका पर बल देते हुए उन्हें नवीन शिक्षण विधियों का अभ्यास कराया गया। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल दहिया, जिला समन्वयक निपुण डॉक्टर सुदर्शन पूनिया एवं राज्य प्रशिक्षण समूह के सदस्य वीरेंद्र ने शिक्षकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल दहिया ने कहा कि एक शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की अपेक्षाओं को पूरा करना भी है। जिला समन्वयक निपुण डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने कहा शिक्षकों का कर्त्तव्य है कि वे हमेशा प्रामाणिक और सही डेटा प्रस्तुत करें, चाहे वह जिला स्तर पर मांगा जाए या राज्य स्तर पर। शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षकों ने भी आश्वासन दिया कि वे अपनी कक्षाओं में इन तकनीकों को लागू करेंगे जिससे बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा।

इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक विनीता वर्मा, वीरेंद्र दलाल, कृष्णा देवी, सुरेंद्र अहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

---

# ग्रामीणों को बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां



बहादुरगढ़। गांव कुलासी में ग्रामीणों से चर्चा करते भाजपा नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा नेताओं ने शनिवार को गांव कुलासी में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से अवगत कराया गया। भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक व नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी सहित अन्य नेताओं ने मोदी सरकार द्वारा 11 वर्ष के कार्यकाल के दौरान आमजन के लिए शुरू की गई योजनाओं के बारे में बताया। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर देश भर में संकल्प से सिद्धी तक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को भाजपा के कानौंदा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था 11वें से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। मोदी सरकार गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर, किसानों के लिए योजनाएं, तकनीकी, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के तेज विकास पर फोकस कर रही है। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि मोदी राज में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जन धन योजना, स्वस्थ भारत मिशन, योजना ने लोगों के जीवन में ठोस बदलाव लाए हैं। चंद्रयान की सफलता, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर और आधार आधारित तकनीकी विकास ने भारत को नई पहचान दिलाई है। इस अवसर पर दिनेश शेखावत, भीम सिंह प्रणामी, सुदेश रंगा, उषा सरपंच, पप्पू प्रधान, अमन, राहुल, विनोद कौशिक, राजू जून, बबलू कानौंदा व अरविंद आदि मौजूद रहे।

# टाउन हाल के सामने बांटा छोले-चावल व भट्टी गेट में पिलाया शर्बत

**झज्जर।** शहर में कई स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक लोगों ने छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। ऐतिहासिक टाउन हॉल पुरानी नगर पालिका के सामने व्यापारियों व युवाओं ने छबील लगाकर लोगों में जहां छौले-चावल का प्रसाद वितरित किया वहीं शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई। आयोजित छबील में बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोगों प्रसाद का आनंद लिया। अंबेडकर चौक क्षेत्र के मार्किट प्रधान कृष्ण सलूजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को जल पिलाने से पुण्य प्राप्ति होती है। राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण करने के साथ-साथ अपना योगदान भी दिया। इस दौरान उपप्रधान टोनी मल्होत्रा, शक्ति राजौरा, बिट्टू अग्रवाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे। उधर, शहर के भट्टी गेट में भी छबील लगाकर राहगीरों में मीठा पानी वितरित किया गया। समिति सदस्य राजेश ने बताया कि आमजन को गर्मी से राहत दिलाने के लिए मीठा ठंडा पानी वितरित किया गया है। इस दौरान तरुण पंडित, अनिल सैनी, संजय गुर्जर, अजय खन्ना, गौवर्धन, रोबिन, हरीश, रोहित सहित अन्य युवाओं ने सेवाएं दीं।



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान योगासन करते हुए युवा।

**झज्जर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में स्कूली बच्चों, युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर राजकपूर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भुजंगासन, वृक्षासन सहित विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

### मंदिर में दिया एक लाख 21 हजार का दान



**बहादुरगढ़।** धार्मिक स्थलों व कार्यक्रमों में दान देने के लिए लोग आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में व्यवसायी अशोक कुमार ने डाबोदा में नूना माजरा रोड पर स्थित शिव मंदिर में एक लाख 21 हजार रुपये का दान दिया है। चंद्रभान, पालेराम, सुखबीर, ऋषिपाल, नरेश, चरण सिंह, जसबीर, सतबीर जितेंद्र आदि कमेटी सदस्यों ने अशोक कुमार का धन्यवाद किया। मंदिर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि अशोक पहले भी मंदिर में दान देते रहे हैं। वहीं, अशोक कुमार का कहना है कि हमें अपनी कमाई का कुछ हिस्सा धार्मिक कार्यों में लगना चाहिए।

---

### चेयरपर्सन सरोज राठी ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

# सैनीपुरा में गली निर्माण का शुभारंभ

- गली निवासियों ने उनका स्वागत किया तथा गलियां बनवाने पर आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सनारियल फोड़कर गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करती सरोज राठी।

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने शनिवार को वार्ड नंबर-14 के सैनीपुरा में पार्षद सविता राजेश सैनी की उपस्थिति में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। गली निवासियों ने उनका स्वागत किया तथा गलियां बनवाने पर आभार जताया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने नारियल फोड़कर गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नायब सरकार सर्वसमाज के हित में काम कर रही है। पार्षद सविता राजेश सैनी भी वार्ड के विकास को लेकर तथा समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। सरोज राठी ने कहा कि बहादुरगढ़ के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी आश्वस्त किया है कि बजट की कोई कमी नहीं रहेगी। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर के सभी 31 वार्डों में समान रूप से विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर एडवोकेट राजेश सैनी, पार्षद राजेश तंवर, संजीव सैनी, मनमोहित गुप्ता, धीरे सैनी, श्रीकृष्ण सैनी, प्रकाश सैनी, गजे सैनी, अर्जुन सैनी, राकेश सैनी, मुकेश सैनी, रोहतास सैनी, मीना सैनी, माया सैनी, गुड्डी सैनी, कांता, आरती व पुष्पा आदि मौजूद रहे।

# नप चेयरमैन ने किया शहर का दौरा, विकास कार्यों का लिया जायजा



**झज्जर।** शनिवार को नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर का दौरा करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना और विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड नंबर 13 में नाला निर्माण को लेकर विभागीय अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को निर्देश देते हुए नाले की रिपेयरिंग का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य को लेकर किसी तरह की शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने राव मंगलीराम व शहीदी पार्क में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि शहर का चहूंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है।

### साइबर क्राइम व नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** नशे व साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता लाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को पुलिस टीम ने रिलेक्सो कंपनी में कार्यक्रम किया गया। कर्मचारियों को नशा न करने, यातायात नियम, साइबर अपराध, महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक किया। निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि नशा करने से जहां हमारे शरीर को नुकसान होता है, वहीं समाज में हमारी छवि भी खराब होती है। हमें धन की हानि भी होती है।

**सूचना**

हम, सतीश पुत्र रामशरण व राजेश बाला पत्नी सतीश निवासी मकान नंबर-15/149, नजदीक पुरानी सब्जी मंडी, मस्जिद मौहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र अंकुर शर्मा व पुत्रवधु सोनिया हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पंचायत चुनाव व उपचुनाव को मद्देनजर धारा 163 लागू

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि राज्य निवार्चन आयोग हरियाणा पंचकूला की अधिसूचना के तहत पंचायती राज्य संस्थाओं के उपचुनाव के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। रविवार को क्षेत्र में ब्लाक बादली, एमपी माजरा, और फैजाबाद की ग्राम पंचायत में सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक मतदान होना है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया व मतों की गिनती समाप्त होने तक जिले में स्थापित विभिन्न मतदान केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिला में पंचायत चुनाव व उप चुनाव के मद्देनजर किसी भी प्रकार के हथियार जैसे आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासे, चाकू, साइकिल चैन जैसे हथियारों को मतदान केंद्रों के नजदीक 200 मीटर की परिधि तक रखने व ले जाने के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है।


स्वप्निल रविंद्र पाटिल, जिलाधीश झज्जर।

### भीषण गर्मी का स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

**बहादुरगढ़।** इन दिनों गर्मी चरम पर है। दिन हो या रात, पसीना नहीं सूख रहा। तापमान लगातार 40 के पार चल रहा है। गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। सोमवार के बाद तापमान में हलके गिरावट की संभावना है। सुबह सूर्य की किरण के साथ ही गर्मी बढ़ने लगती है। बाहर तेज धूप तो मकानों के अंदर उमस सता रही है। रात को भी गर्म हवा चल रही है। कूलर, एसी भी जवाब देने लगे हैं। गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। सिरदर्द, पेट दर्द, आंखों में जलन आदि के केसों में वृद्धि हो रही है। वहीं, गर्मी से बचने के लिए लोग एसी, कूलरों का सहारा ले रहे हैं। बिजली की खपत और लोड बढ़ गया है।

### ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में कार्यक्रम, लोगों को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

# विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित शिविर में 264 ने किया रक्तदान



**बहादुरगढ़।** रक्तदाता को प्रोत्साहित करते डॉ. मनीष शर्मा व अन्य तथा डॉक्यूमेंट्री देखती वैश्य कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

- स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर बचा सकता है कई लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

विश्व रक्तदाता दिवस पर ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 264 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में समपाला धाम खेड़का गुज्जर के मंजीत नाथ महाराज और रामानंद महाराज उपस्थिति हुए। कैंप की अध्यक्षता डॉ. मनीष शर्मा ने की। डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि देश में रक्तदान की भारी कमी है। अगर प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करने लगे तो बहुत से लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बहादुरगढ़ के लोगों का रक्तदान के प्रति उत्साह देखकर खुशी जताई। रक्तदान शिविर में 264 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को अस्पताल की तरफ से सम्मानित किया गया। मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि रक्त में ए, बी, ओ में वर्गीकरण करने वाले वैज्ञानिक कार्ल लेंडस्टाइनर के जन्मदिन पर 14 जून को हर साल विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। मास्टर सतीश शर्मा ने 30वीं बार रक्तदान किया। डॉ. नितिन शर्मा व सुमन शर्मा ने कहा कि रक्त को किसी मशीन से नहीं बनाया जा सकता, इसे सिर्फ मानव शरीर ही बना सकता है। रक्तदान करके जरूरतमंद की सहायता करने वाले सबसे बड़ा दानी होता है। कैंप में चेयरपर्सन सरोज राठी, सेवामूर्ति दिनेश कौशिक, राजपाल जांगड़ा, यशपाल गांधी, पवन जैन, बीईओ शेर सिंह, अमीता नेहरा, पालेराम शर्मा, राजेश तंवर, मूलचंद जोशी, प्रवीण शर्मा, सुनील बंसल, मास्टर विरेंद्र सहवाग, सत्येंद्र दहिया, ऋषि भारद्वाज, प्रदीप यादव व सुधीर भारद्वाज आदि ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया।

### डॉक्यूमेंट्री से समझा रक्तदान का महत्व

**बहादुरगढ़।** शनिवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री व जिगरा मूवी दिखाकर छात्राओं को रक्तदान का महत्व व नशे के दुष्प्रभाव समझाए गए। छात्राओं ने मूवी देखने के बाद इन मुद्दों पर चर्चा भी की। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। शरीर में रक्ताल्पता विभिन्न बीमारियों को जन्म देती है। इसीलिए हमें स्वच्छ व पौष्टिक खानपान अपनाते हुए अपने शरीर में रक्त की आवश्यक मात्रा को बनाए रखना है। साथ ही समय-समय पर रक्तदान करके जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग भी देना है। आयोजन में रैडक्रॉस प्रभारी डॉ. नेहा नैन व सहप्रभारी प्रीति की अहम भूमिका रही। उन्होंने छात्राओं को ऐसी प्रेरक फिल्में देखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति क्लब प्रभारी डॉ. मंजीत व पुस्तकालयाध्यक्ष कविता भी उपस्थित रही।


**बहादुरगढ़।** कैंप में लोगों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### निःशुल्क कैंप में 200 ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**बहादुरगढ़।** एचएसआईएल फाउंडेशन द्वारा परनाला रोड पर सीएसआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री चौधरी मांगेराम निवास पर एडवोकेट गौरव राठी के सहयोग से लगे शिविर में करीब 200 लोगों की जांच हुई। स्वास्थ्य जांच के बाद एचएसआईएल की मेडिकल टीम द्वारा लोगों को निशुल्क दवाइयां भी दी गई। कैंप में चिकित्सकों ने शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन व अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की। कई लोगों को हाई बीपी, गले में खराश व वायरल बीमारियों से ग्रस्त पाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें उचित परामर्श देते हुए दवाइयां भी दी। उन्होंने सुझाया कि वायरस के लक्षण होने पर मरीज को तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करवानी चाहिए। गौरव राठी ने स्वस्थ शरीर और निरोगी काया रखने के लिए नियमित व्यायाम और अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी।


**झज्जर।** शिविर के दौरान रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए संस्था सदस्य।

### शिविर में 47 युवाओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक आशीष भारद्वाज ने की। शिविर के दौरान कुल 47 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान सोनू बाल्यान, आशीष छिल्लर और कुलदीप रंगा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए रक्तदाताओं को बैज लगाकर जहां उनका उत्साहवर्धन किया गया वहीं प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। संस्था सदस्य पूनम देशवाल व खुशी ने बताया कि यह उनका 81वां रक्तदान शिविर था। इस मौके पर मनोज कुमार, संदीप, आशीष, सागर, संतोक, विकास धनखड़, प्रियंका, विकास सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## ठेकेदार शांतनु का मातन में हुआ दाह संस्कार

**बहादुरगढ़।** कुरुक्षेत्र के शाहबाद में बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर मारे गए ठेकेदार शांतनु बहादुरगढ़ के मातन गांव का रहने वाला था। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को शव मातन में लाया गया। जहां उसके शव का दाह संस्कार किया गया। इस वारदात से परिवार के लोग आहत हैं। दरअसल, करीब 35 वर्षीय शांतनु पिछले काफी समय से सोनीपत में अपनी बुआ के पास रहता था। अक्सर गांव मातन में भी आता रहता था। दो बच्चों का पिता था। पेशे से शराब ठेकेदार था। उसके शाहबाद व आसपास के एरिये में शराब ठेके हैं। हाल ही में उसने करीब डेढ़ दर्जन शराब ठेके खरीदे थे। शुक्रवार की शाम को वह गाड़ी में सवार होकर कहीं जा रहा था। मीना मार्केट शाहबाद में पहुंचने पर वह गाड़ी से उतरकर सिगरेट लेने जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उसको गोलियों से भून दिया। पुलिस को दी शिकायत में मातन के निवासी प्रिंस का कहना है कि वह शांतनु की गाड़ी चलाता है। शुक्रवार की रात को मैं व अनिकेत गाड़ी में थे और शांतनु सिगरेट लेने चले गए। इसी दौरान उन पर हमला हुआ। मैंने भागते वक्त बदमाशों को गाड़ी से टक्कर मारी। लेकिन वे बाइक छोड़कर भाग गए। इस हत्याकांड की लारेंस गिरोह के एक गुर्गे ने इंटरनेट मीडिया पर जिम्मेदारी ली है। कुरुक्षेत्र पुलिस मामले में जांच कर रही है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव मातन में लगाया गया। यहां शांतनु को अंतिम विदाई दी गई।

## एचडी स्कूल के 42 विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बाल भवन की राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के 42 विद्यार्थियों को करनाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पुरस्कृत किया गया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि समारोह में विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की उपाध्यक्षा सुमन सैनी द्वारा उनके संस्थान के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी दी गई। उन्होंने बताया कि सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में जिले में सर्वाधिक विद्यार्थी उनके संस्थान से है जो गर्व की बात है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह और सहगामी क्रियाओं की प्रमुख कमलेश ढिल्लों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



**झज्जर।** सम्मान समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित एचडी संस्थान के विद्यार्थी।

## प्राइवेट स्विमिंग पूलों के लिए जल्द बने गाइडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा ओलंपिक संघ जल्द ही प्राइवेट स्विमिंग पूलों के लिए गाइडलाइंस जारी करेगा। सरकार से स्विमिंग पूल संचालन के लिए पॉलिसी भी बनवाई जाएगी। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि प्राइवेट स्विमिंग पूल संचालक कमाई के चक्कर में लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्राइवेट स्विमिंग पूल के पानी में क्लोरिन की मात्रा भी अनियमित रहती है। बहादुरगढ़ के कई स्विमिंग पूलों को लेकर उनके पास शिकायत आई थी। हरियाणा ओलंपिक संघ अनिल खत्री के अनुसार स्विमिंग पूल के लाइसेंस से लेकर उनके सेफ्टी ऑडिट और पानी की क्वालिटी की नियमित जांच होनी जरूरी है। गाइडलाइंस को लेकर संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल से बात हो चुकी है। हरियाणा ओलंपिक संघ की आगामी बैठक में इसे लेकर प्रस्ताव पास किया जाएगा।


अनिल खत्री

## संस्कारम् स्कूल के विद्यार्थी किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में संस्कारम् के ग्यारह विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि विद्यार्थियों को यह पुरस्कार बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर प्रदान किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में बलराम, छवि, तानिया, खुशबू, कनक, चार्वी, भूवि, पूर्वी, प्रांजल, वंदना व साक्षी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस में द्वितीय व रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया था। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**झज्जर।** सम्मान समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित संस्कारम् स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


**झज्जर।** पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद परिजन।

## सुबह सैर करने गई महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

- गांव मदाना कलां की रहने वाली थी 53 वर्षीय सुनील देवी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शनिवार सुबह घर से सैर के लिए निकली एक महिला रेल की चपेट की आ गई, जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान क्षेत्र के गांव मदाना कलां निवासी करीब 53 वर्षीया सुनील पत्नी जगदीश के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार मृतका सुनील रोजाना अलसुबह घर से घूमने के लिए जाती थी। शनिवार की सुबह जब वह रेलवे ट्रैक किनारे घूम रही थी तो ट्रेन की चपेट में आ गई। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस कर्मियों ने घटना स्थल पहुंच कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी राज सिंह ने बताया कि इस संबंध में मृतका के पति जगदीश व जेठ उमेद सिंह के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

### उद्यमी अमरीक सिंह को मातृशोक

**बहादुरगढ़।** उद्योगपति सरदार अमरीक सिंह की मां सावित्री देवी का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने उनके निधन पर शोक जताया है। वे अपने पीछे चार पीढ़ियों के भरे-पूरे परिवार को छोड़कर गई हैं। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, सुनील गर्ग, नरदेव दहिया, नवल गर्ग, गुरमीत सिंह, राकेश गोयल व दीपक गुप्ता आदि ने उनकी अंतिम यात्रा में भाग लेकर उन्हें अश्रुपूरित विदाई दी।

## नीट परीक्षा में एचडी स्कूल के 47 विद्यार्थी क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

नीट यूजी परीक्षा के घोषित परिणामों में एचडी स्कूल साल्हावास के 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें पन्द्रह विद्यार्थियों ने पांच सौ से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 10 विद्यार्थियों ने 520 से अधिक अंक लिए।

एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि उनके संस्थान की स्वीटी ने ऑल इंडिया रैंक 3568, रंजना ने 574 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक 4565, कनिका ने 568 अंक लेकर ऑल इंडिया रैंक 5813, अंकिता ने 555 अंक लेकर ऑल इंडिया रैंक 10300, दक्ष यादव ने 539 अंक और भूमिका ने 531 अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक रमेश गुलिया, बलराज फौगाट, सुरेंद्र फौगाट, सचिव विशाल नेहरा और हेमंत गुलिया ने होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**झज्जर।** एचडी स्कूल साल्हावास के होनहार विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### अव्यवस्थाः सड़क से ऊंचे हैं नाले तो कैसे हो पानी की निकासी

# गंदगी से अंटे जर्जर हो चुके नाले, लेवल भी ठीक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके में निकासी नालों की दशा बेहतर नहीं है। पुराने नाले जर्जर स्थिति में है और गंदगी से अटे पड़े हैं तो कुछ समय पहले बने नालों का लेवल ठीक नहीं है। ये सड़क से ऊंचे हैं और निकासी के लिए इनमें बनाए गए होल भी ऊपर हैं। ऐसी स्थिति में सड़क पर भरा पानी इन नालों में जाना नामुमकिन है। दरअसल, सब्जी मंडी के साथ लगते मार्ग पर कुछ महीने पहले निकासी नाले का निर्माण किया गया था। नाला बन जाने के बाद भी यहां निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई। पहले की तरह इसमें वही समस्या बरकरार है और सड़क पर बिन बरसात के ही पानी भर जाता है। यह नाला सड़क की स्तह से काफी ऊंचा है और पानी जाने के लिए इसमें जो होल बनाए गए हैं, वे भी कई इंच ऊपर हैं। कुछ जगहों पर तो ये होल बिलकुल स्लैब को छू रहे हैं। ऐसी स्थिति में सड़क का पानी नाले में नहीं जा पाता। केवल यही नहीं, सांखोल में दिल्ली-रोहतक रोड पर बनाए गए नाले की भी यही हालत है। वहां भी नाले में बनाए गए होल ऊंचे हैं। शहर के निवासी सचिन ने बताया कि नाले बनाते वक्त सड़क की स्तह का भी ख्याल रखना चाहिए। लेकिन यहां तो केवल खानापूर्ति कर दी जाती है। मनीष ने कहा कि नालों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इनमें होल पानी जाने के लिए नहीं बल्कि ओवरफ्लो होने पर नाले का पानी बाहर निकालने के लिए बनाए गए हैं। इसी वजह से सड़कों पर जलभराव हो जाता है। इस तरफ ध्यान देते हुए नालों की दशा में सुधार करना चाहिए।


**बहादुरगढ़।** सब्जी मंडी के साथ लगते सड़क पर नाले में ऊंचाई पर बनाए गए होल तथा गोरैया साइट के पास नाले में सड़क की स्तह से ऊंचे बनाए गए होल।